www.avadhkaawaz.com

अवध की आवाज

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र राजधानी लखनऊ उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

वर्ष—10 अंक—124 R.N.I.- UPHIN/2012/45127 लखनऊ गुरुवार 5 अगस्त 2021 पृष्ठ — 8 मूल्य—3 रूपया

अपराध नियंत्रण में शिथिलता पाये जाने पर सख्त कार्यवाही के निर्देश

अवध की आवाज

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के निर्देशों के अनुपालन के क्रम में अपर मुख्य सचिव, गृह श्री अवनीश कुमार अवस्थी एवं पुलिस महानिदेशक, श्री मुकुल गोयल द्वारा आज पुलिस महानिदेशक मुख्यालय पर संयुक्त रूप से चार पुलिस कमिश्नरेट की वीडियो कान्फ्रेन्सिंग से समीक्षा की गयी। वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से चार पुलिस कमिश्नरेट की कानून व्यवस्था की और बेहतरी तथा अपराधों पर और अधिक प्रभावी नियंत्रण की दिशा में किये जाने वाले प्रयासों पर गहन समीक्षा करते हुए तथा इस दिशा में भविष्य में आने वाली चुनौतियों के लिये अपनायी जाने वाली रणनीति पर विचार विमर्श किया गया। पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली के अन्तर्गत आने वाले चारों जनपदों में पुलिस के सहयोग से शुरू की गयी नागरिकध् जनोपयोगी सुविधाओं की भी सराहना की गई। इस समीक्षा बैठक मे प्रदेश के चारो पुलिस कमिश्नरों के अलावा जोनल अपर पुलिस महानिदेशकों ने भाग लिया। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में अपराधा नियंत्रण की दिशा में सराहनीय कार्य किया गया है तथा पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली के लागू होने के बाद से अपराधों में कमी आयी तथा अपराधियों पर प्रभावी ढंग से कार्यवाही की गयी है। अपर मुख्य सचिव, गृह एवं पुलिस महानिदेशक ने सम्बन्धित सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया है कि इस दिशा में और अधिक मेहनत से शासन की जीरो टालरेन्स की नीति के तहत अपराध नियंत्रण के प्रयास किये जाये। उन्होंने यह भी कहा है कि क्राइम कंट्रोल की दिशा में किये जाने वाले प्रयासों की जोनल व कमिश्नरेट स्तर पर सघन समीक्षा नियमित रूप से की जाय तथा अपराध नियंत्रण की दिशा में शिथिलता बरतने वाले या लापरवाह पुलिस कर्मियों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध ऐसी सख्त कार्यवाही की जाये जो एक उदाहरण प्रस्तुत कर सके। अपर मुख्य सचिव गृह ने कहा है कि नये पुलिस थाने, चौकियों की स्थापना तथा पुलिस के लिये अवासीयध्अनावसीय भवनों के निर्माण के लिये शासन द्वारा गंभीरता से प्रयास किये जा रहे है। उन्होंने पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली के लागू होने से उस जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों की पुलिसिंग को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिये जरूरी अवस्थापना सुविधाओं के सम्बन्ध में भी जरूरी प्रस्ताव तत्काल शासन के समक्ष प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिये है ताकि पुलिसिंग को और अधिक चुस्त दुरूस्त बनाते हुए पुलिस के समक्ष आने वाली व्यावहारिक कठिनाईयों का यथा शीघ्र निस्तारण किया जा सके। कमिश्नरेट प्रणाली के तहत पुलिस की जनशक्ति व अन्य संसाधनों के वितरण हेतु निर्धारित प्रक्रिया के अनुपालन की भी गहन समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये गये। अवस्थी ने बताया कि शासन पुलिस विभाग की सेवा मे कर्तव्य पालन के दौरान शहीदध्मृत कर्मियों के प्रति अत्यन्त संवेदनशील है तथा उनके आश्रितों को मिलने वाले सभी प्रकार के लाभों को यथा शीघ्र उपलब्ध कराने के कृत संकल्प है। उन्होंने मृतक पुलिस कर्मियों के आश्रितों को नौकरी दिये जाने के सम्बन्ध में लम्बित प्रस्तावों की भी समीक्षा की तथा इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के निर्देश दिये है। बैठक में सचिव, गृह श्री बी0डी0 पाल्सन व विशेष सचिव, गृह श्री आर0 पी0 सिंह के अलावा अपर पुलिस महानिदेशक, कानून व्यवस्था, श्री प्रशांत कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध, श्री के0एस0पी0 कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक, स्थापना, श्री संजय सिंघल, अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशासन, श्री पी0सी0 मीणा व पुलिस महानिदेशक के सहायक, श्री रवि जोसेफ लुक्कू ने भाग लिया।

पुलिस महानिदेशक
उत्तर प्रदेश, लखनऊ

शक्तिपीठ की आराधना करने के बाद मुख्यमंत्री योगी ने की गौसेवा, चुनाव पर भी चर्चा की

बलरामपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बलरामपुर देवीपाटन शक्तिपीठ में रात्रि विश्राम के बाद बुधवार सुबह शक्तिपीठ की उपासना की और इसके बाद परिसर स्थित गौशाला गए। वहां उन्होंने गायों को हरा चारा खिलाकर गौसेवा की। इससे पहले पूर्व रात्रि में मुख्यमंत्री योगी ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा पार्टी पदाधिकारियों से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने हिंदू जागरण मंच और विश्व हिंदू महासंघ के पदाधिकारियों से भी मुलाकात कर चर्चा की। बुधवार सुबह मुख्यमंत्री तुलसीपुर से गोरखपुर के लिए रवाना हो गए। शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार की शाम को पहुंचे। इससे पूर्व श्रावस्ती जिला के मुख्यालय भिनगा से लाइव प्रसारण के माध्यम से कलेक्ट्रेट एनआईसी सभागार में सभी विभागों के अधिकारियों ने सीएम का संबोधन सुना। अपने संबोधन में योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने की दिशा में सभी अधिकारी कार्य करें। प्रदेश सरकार ने कोरोना महामारी को लेकर हर स्तर पर प्रयास किया कि जनहानि न होने पाए।

जिलाधिकारी ने किया अन्न महोत्सव कार्यक्रम स्थल का जायजाः

कल आयोजित होने वाले अन्न महोत्सव कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूर्ण

सभी राशन की दुकाने होगीं सुसज्जित

कार्डधारकों को बैग में मुख्य अतिथि/ जन प्रतिनिधियों द्वारा दिए जायेगें निःशुल्क राशन

जनपद को सेक्टर व जोन में विभक्त कर की गयी है मजिस्ट्रेटो की तैनाती

अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। (सू0वि0) कल 05 अगस्त को जनपद में अन्न महोत्सव आयोजित होगा। इस दिन सभी राशन की दुकानों द्वारा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत कार्डधारकों को निःशुल्क राशन राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए बैग में उन्हें दिया जायेगा। वितरण का कार्यक्रम सभी राशन की दुकानों पर जन प्रतिनिधियों के माध्यम से किया जायेगा। इस आयोजन को भव्य रुप दिए जाने सहित सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। प्रत्येक दुकान हेतु नोडल अधिकारी इस निर्देश के साथ नामित किए गए है कि इस आयोजन का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करायेगें। इस निमित्त् जिलाधिकारी ने आज नावबगंज स्थित श्याम लाल इन्टर कालेज में 500 लाभार्थियों की उपस्थिति में अन्न महोत्सव कार्यक्रम के भव्यसमारोह की तैयारियों का जायजा किया। जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने बताया है कि प्रत्येक राशन के दुकानों पर कम से कम 100 लाभार्थियों को प्रत्येक दशा में राशन अवश्य ही दिए जाये। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु विकास खण्ड क्षेत्र को सेक्टर के रुप में निर्धारित करते हुए संबंधित खण्ड विकास अधिकारी को सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है, इसके अलावा उप जिलाधिकारी गण जोनल मजिस्ट्रेट होगें, जो भ्रमणशील रह कर उसका अनुश्रवण करते रहेगें। वितरण के कार्यक्रम में कोविड प्रोटोकाल का भी पालन करना होगा। कार्यक्रम को उत्सव का रुप दिए जाने हेतु प्रत्येक राशन की दुकानों को सुसज्जित किया जायेगा। प्रधानमंत्री द्वारा उद्बोधन कार्यक्रम के सजीव प्रसारण हेतु टी0वी0 सेट की व्यवस्था भी रहेगी। सूचना विभाग द्वारा श्याम लाल इन्टर कालेज में एल0ई0डी0 वैन के माध्यम से मा0 प्रधान मंत्री का सजीव प्रसारण होगा। प्रत्येक दुकान पर इस कार्यक्रम के लिए मुख्य अतिथि के रुप में जन प्रतिनिधि गण रहेगें, जिनके द्वारा राशन वितरण किया जायेगा। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को अपने जिम्मेददारियों को पूरी निष्ठा से निर्वहन करते हुए इस कार्यक्रम का सफल क्रियान्वयन किए जाने के निर्देश दिए है। साथ ही किसी भी प्रकार की शिथिलता के लिए आगाह भी किया है। जिलाधिकारी ने कार्डधारकों से भी यह अपेक्षा किया है कि वे अपनी संबंधित राशन की दुकानों पर कल पहुँचें और अनुमन्य राशन बैग सहित निशुल्क प्राप्त करें।

बसपा के पूर्व विधायक जितेंद्र सिंह बबलू भाजपा में शामिल, रीता बहुगुणा जोशी का घर जलाने के हैं आरोपी

लखनऊ। यूपी में विधानसभा चुनाव 2022 के लिए माहौल बनने लगा है। इस कड़ी में बसपा के पूर्व विधायक जितेंद्र सिंह बबलू भाजपा में शामिल हो गए। बता दें कि जितेंद्र सिंह भाजपा सांसद रीता बहुगुणा जोशी का घर जलाने के आरोपी हैं। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ली। वहीं, आगरा की डॉक्टर बीना लवानिया ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने पटका पहनाकर उन्हें सदस्यता ग्रहण कराई।

गोरबी चौकी प्रभारी ने खस्ताहाल सड़कों को कराया दुरुस्त

अवध की आवाज

सिंगरौली ।कई वर्षो से खस्ताहाल एनएच मार्ग पर लोगों का चलना दुश्वार हो गया है। गड्ढों से पटी सिंगरौली सीधी मार्क अपनी बदहाली खुद बयां करती है। ऐसा नहीं है कि इसे बनवाने का प्रयास न किया गया हो परंतु सड़क के मुद्दे पर स्थानीय नेताओं में इच्छाशक्ति की कमी के कारण बेहतर रोड का सपना आज तक साकार ना हो सका। बीते माह में सड़क पर चलने योग्य बनाने के लिए करोड़ों रुपए का फंड भी आवंटित किया गया, परंतु ठेकेदार द्वारा यहां भी लीपापोती कर दी गई। जिसका खामियाजा स्थानीय लोगों और राहगीरों को भुगतना पड़ा। एक ही बरसात के बाद सड़क फिर दयनीय स्थिति में पहुंच गई। जिससे जगह–जगह दुर्घटना व लगातार जाम की स्थिति बनी रहती है। अब गोरबी चौकी प्रभारी सुधाकर सिंह परिहार ने आगे बढ़कर यातायात सुगम बनाने का जिम्मा उठाया है। उनके द्वारा गोरबी चौकी क्षेत्र की सड़कों पर भयावह हो चुके गड्ढों को गिट्टी व कंक्रीट से भरवाकर चलने योग्य सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। गौरतलब है कि 2 दिनों तक लगातार हुई बारिश से गोरबी बरगवां मार्ग पर बड़े–बड़े गड्ढे निर्मित हो गए थे। जिस कारण छोटे वाहनों की आवाजाही बाधित हो गई थी। जब सीएसआर के मध्य से करोड़ों रुपए खर्च करने का दम भरने वाली एनसीएल भी सड़क के मुद्दे को लेकर आगे नहीं आई तब गोरवी चौकी प्रभारी ने त्रिमूला इंडस्ट्रीज की मदद से आवागमन सुगम करने का जिम्मा उठाया और सोमवार को गोरबी बाजार समीप से वन विभाग के बैरियर एवं ग्राम नौढ़िया के पटपरवा टोला में बरगवां सिंगरौली मुख्य सड़क पर हाइवे की निर्माणाधीन ब्रिज के पास गड्ढों में गिट्टी व कॉंक्रीट भरवा कर आम लोगों का आवागमन सुविधाजनक बनाने का प्रयास किया गया। गोरबी चौकी प्रभारी सुधाकर सिंह परिहार के उक्त कार्य की गोरबी क्षेत्र वासियों द्वारा प्रसंशा की जा रही है।

नाले में मिली ड्राइवर की लाश से मचा हड़कंप पुलिस जांच में जुटी

शाहजहांपुर, (वेबवार्ता)। यूपी के शाहजहांपुर में उस समय सनसनी फैल गई जब एक ट्रक ड्राइवर का शव नाले में पड़ा मिला। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नाले से निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है। दरअसल मामला थाना रोजा क्षेत्र के निवाजपुर का है। जहां पंजाब बैंक के सामने बने नाले में शव पड़े होने की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने नाले से शव निकलवाने के बाद जब उसकी तलाशी ली उसकी जेब से डीएल मिला जिससे उसकी पहचान श्रीकांत पुत्र राममूर्ति निवासी रेती थाना रामचंद्र मिशन के रूप में हुई ड्राइवर की मौत कैसे हुई इस बात की गुत्थी अभी उलझी हुई है हत्या है या हादसा। फिल्हाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

खाद्यान्न वितरण में गड़बड़ी करने वाले कोटेदारों के खिलाफ दर्ज होगी एफआईआर–डीएम

सुरेश कुमार तिवारी

कहोवा चौराहा गोण्डा ।जिले की 1353 कोटे की दुकानों पर प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत निःशुल्क खाद्यान्न वितरण कार्यक्रम का भव्य आगाज कल होने जा रहा है। इस सम्बन्ध में सभी तैयारियां पूर्ण कर लीं गयीं हैं। मुख्य कार्यक्रम .नगर के वेंकटाचार्य क्लब में होगा, इसके साथ ही पूरे जनपद में यह कार्यक्रम उत्सव के रूप में मनाया जाएगा ।जिलाधिकारी मार्कण्डेय शाही ने बताया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत जिले की 1353 कोटे की प्रत्येक दुकान पर प्रथम दिन कम से कम सौ लाभार्थियों को आमंत्रित कर उन्हें सरकारी थैले में प्रति यूनिट पांच किलो राशन मुफ्त में दिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया यह खाद्यान्न, खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत प्रतिमाह नियमित मिलने वाले खाद्यान्न के अतिरिक्त निःशुल्क दिया जा रहा है तथा इस योजना के तहत आगामी नवम्बर माह तक फ्री में राशन दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत निःशुल्क खाद्यान्न वितरण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिले को 110 सेक्टर व 04 जोन में विभाजित करते हुए सभी 1353 कोटे की दुकानों पर नोडल अधिकारियों की तैनाती कर दी है, जो स्वयं की उपस्थिति खाद्यान्न का पारदर्शी ढंग से वितरण सुनिश्चित कराएंगे। जिलाधिकारी द्वारा नियुक्त नोडल व पर्यवेक्षणीय अधिकारी अपनी निर्देशित दुकान पर उपस्थित रहकर खाद्यान्न का वितरण कराएगें तथा प्रत्येक घंटे वितरण की स्थिति से व्हाट्सएप ग्रुप पर अवगत कराते रहेगें। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक कार्ड धारक को तौल कर ही राशन दिया जाएगा तथा घटतौली कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने साफ चेतावनी दी है कि यदि कहीं भी कार्ड धारक को निर्धारित मात्रा से कम राशन देने या घटतौली की शिकायत पाई जाएगी तो सम्बन्धित कोटेदार के विरूद्ध धारा 3ध्7 के तहत एफआईआर दर्ज कराने के साथ ही सम्बन्धित नोडल अधिकारी, बीडीओ, जिला पूर्ति अधिकारी के साथ ही एसडीएम के विरूद्ध भी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि खाद्यान्न का वितरण लगातार 06 व 07 अगस्त को भी होता रहेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत खाद्यान्न वितरण की मॉनिटरिंग के शासन से नामित जिले की नोडल अधिकारीध्सचिव बेसिक शिक्षा विभाग श्रीमती अनामिका सिंह स्वयं जिले में मौजूद रहेंगी। उनके द्वारा वितरण कार्य का निरीक्षण एवं समीक्षा की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही या मनमानी करने वाले को किसी भी दशा में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों, नोडल अधिकारियों को निःशुल्क खाद्यान्न वितरण कार्यक्रम को पूरे मनोयोग से लगकर सफल बनाने के निर्देश दिए हैं।

ग्राम पंचायत पहाड़ापुर में ग्राम निधि व मनरेगा का कार्य जोरो पर

सुरेश कुमार तिवारी

कहोबा चौराहा गोंडा। प्रधानो का शपथ ग्रहण होते ही गांव में विकास कार्यों पर तेजी से सरकारी धन व्यय किया जा रहा है। ग्राम पंचायत पहाड़ापुर में वित्तीय वर्ष 2021–22 जुलाई माह तक प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय,आंगनवाड़ी एवं स्वास्थ्य उपकेंद्र में मरम्मत व निर्माण कार्य पर लगभग चौदह लाख रुपये ग्राम निधि से खर्च किया जा चुका है। वहीं उक्त ग्राम पंचायत में मनरेगा योजना के तहत भी तेजी से विकास कार्य किया जा रहा है जो निम्न है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का बाउंडरी वाल, सामुदायिक स्थान पर वृक्षारोपण कार्य, परवीन के खेत से रामसभा के खेत तक नाली निर्माण, रामरूप के खेत से राजा प्रसाद के खेत तक नाला निर्माण कार्य, पहाड़ापुर में घनश्याम का सोकपिट निर्माण, पहाड़ापुर में रामानुज का सोकपिट निर्माण, पहाड़ापुर में भगौती बाबा का सोकपिट निर्माण, पहाड़ापुर में बृजेश बाबा का सोकपिट निर्माण, पहाड़ापुर में राजकुमार का सोकपिट निर्माण, हनुमान मंदिर के पास कूप जीर्णोद्धार कार्य, रामचबूतरा के पास कूप जीर्णोद्धार कार्य, रंजीत के खेत से भगौती यादव के खेत तक मिट्टी पटाई कार्य, बच्चन बाबा के घर से शरीफ के खेत तक मिट्टी पटाई कार्य, रामतेज के खेत से रामकुमार के खेत तक मिट्टी पटाई कार्य, मनरेगा योजना के तहत किया जा रहा है वहीं ग्राम पंचायत के विभिन्न मजरों में विकास कार्य हेतु मनरेगा योजना के तहत लगभग दो दर्जन कार्यों की स्वीकृति भी मिल चुकी है।

02 किलो 900 ग्राम गांजे के साथ दो अभियुक्तगिरफ्तार

अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक उन्नाव व क्षेत्राधिकारी गल पर्यवेक्षण में मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा दो अभियुक्तों को 02 किलो 900 ग्राम गांजा बरामद कर गिरफ्तार किया गया।

प्रशासनिक भवन
थाना कोतवाली सदर उन्नाव

जनसँख्या स्थिरता पखवारा में 39 महिलाओं व चार पुरुषों ने करायी नसबंदी

परिवार नियोजन के अस्थायी साधनों को भी बड़ी संख्या में लोगों ने चुना

अवध की आवाज ब्यूरो

हरदोई। जनपद में 11 से 31 जुलाई तक जनसँख्या स्थिरता पखवारा आयोजित किया गया। इस दौरान जहाँ समुदाय को परिवार नियोजन के साधनों के बारे में जागरूक किया गया वहीँ लोगों को साधन अपनाने के लिए प्रेरित भी किया गया। इच्छुक दम्पत्तिको परिवार नियोजन के साधन निःशुल्क मुहैया कराये गए। परिवार नियोजन कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा. सुशील कुमार ने बताया–इस पखवारे में 39 महिलाओं और चार पुरुषों को नसबंदी की सेवा प्रदान की गयी ।जिला अस्पताल, अहिरौरी, भरखनी और सुरसा में एक–एक पुरुष ने स्थायी साधन को अपनाते हुए अपनी नसबंदी करायी। इस पखवारे में 216 महिलाओं ने आईयूसीडी, 1020 महिलाओं ने पी पी आई यू सी डी तथा पांच महिलाओ ने पीएआईयूसीडी लगवाई। 1011 महिलाओं ने त्रैमासिक गर्भनिरोधक इंजेक्शन अंतरा अपनाया। पखवारे में 3647 पैकेट्स गर्भनिरोधक गोली छाया के, माला एन के 3251 पैकेट्स और 59,741 कंडोम का वितरण हुआ। नोडल अधिकारी ने कहा–पूरा पखवारा कोविड से बचाव के प्रोटोकॉल का पालन करते हुए मनाया गया। इस दौरान स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने लोगों को परिवार नियोजन की सेवाओं को देने के साथ ही कोरोना से बचाव के उपाय जैसे – मास्क लगाना, दो गज की सामाजिक दूरी का पालन करने और बार दूबार हाथों को साबुन और पानी से धोने के बारे में भी बताया।

उरइ। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने यमुना नदी के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र ग्राम मदारपुर, हीरापुर, मंगरोक का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि बाढ़ से बचने के लिए लोग शेल्टर होम में रहे। उन्होंने निर्देशित किया के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को सुरक्षित स्थानों पर बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने पर पहुंचाया जाए उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य टीमें मौके पर पहूंचकर लोगों को उपचार करें

उन्नाव। दिनांक 4,8,2021 दिन बुधवार को अवध की आवाज कार्यालय उन्नाव गहरा में संपादक श्री अनिल कुमार सिंह के साथ बैठकर गहनता से बातचीत हुई कानपुर टीम से उन्नाव टीम से आज अवध की आवाज के ग्रुप में 5 मेंबर बनाए गए अवध की आवाज के आदरणीय संपादक जी का एवं कानपुर मंडल प्रभारी उन्नाव ब्यूरो चीफ गुड्डू मिश्रा का विकास श्रीवास्तव का हिमांशु शुक्ला का दीपक शुक्ला वरिष्ठ संवाददाता शुक्लागंज का पत्रकार बंधुओं ने स्वागत किया एवं अवध की आवाज में कंधे से कंधा मिलाकर चलने का संकल्प लिया।

जौनपुर में हिरासत से लूट का आरोपी फरार, सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई घटना

जौनपुर। उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में एक बार फिर से पुलिस की गिरफ्त से अपराधी फरार हो गया। फरार अपराधी लूट का आरोपी था। बुधवार को महराजगंज में लूट का आरोपी हथकड़ी से अपना हाथ निकाल कर फरार हो गया। इसकी जानकारी होने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। वहीं, पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। दरअसल, पुलिस लूट के मामले में गिरफ्तार तीन आरोपियों को मेडिकल के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज ले गई थी। स्वास्थ्य केंद्र में मौका देखकर अपराधी सौरभ सिंह निवासी सवंसा, हथकड़ी निकाल कर फरार हो गया। स्वास्थ्य केंद्र परिसर में मौजूद सीसीटीवी पूरी घटना कैद है। इसमें अपराधी के तेजी से भागने और पीछे–पीछे पुलिस कर्मियों के दौड़ लगाने की पूरी तस्वीर मौजूद है। दूसरी ओर आरोपी के भागने की खबर लगते ही पुलिस महकमे में हड़कंप है। पुलिस ने जगह–जगह चेकिंग शुरू की गई मगर काफी प्रयास के बाद भी फरार अपराथी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सका। पुलिस पूरे मामले को दबाने में जुटी हुई है। बता दें कि हाल ही जौनपुर जिले के गौराबादशाहपुर थाने से इनामी बदमाश चंदन सोनकर हथकड़ी सहित फरार हो गया था। तब पुलिस महकमे की काफी किरकिरी हुई थी।

ठगी करने वाले कॉल सेंटर का भंडाफोड़, 11 गिरफ्तार, नौकरी डॉट कॉम से डाटा लेकर करते थे कॉल

अवध की आवाज

लखनऊ। अलीगंज पुलिस व क्राइम ब्रांच ने ऐसे कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया है जहां से युवाओं को फोन कर अच्छी जॉब का ऑफर देकर रजिस्ट्रेशन किया जाता था। फिर लिंक शेयर करके खाते से रकम उड़ा दी जाती थी। कॉल सेंटर से नौ युवतियों समेत 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। कॉल सेंटर का संचालक चार साल में विभिन्न राज्यों के हजारों युवाओं को शिकार बना चुका है।

कॉल सेंटर से नौकरी का झांसा देकर युवाओं से ठगी की कुछ शिकायतें मिलने पर पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर ने कुछ दिनों पहले डीसीपी (क्राइम) पीके तिवारी व डीसीपी (उत्तरी) देवेश कुमार पांडेय को कार्रवाई के निर्देश दिए थे। छानबीन में सुराग मिलने पर सोमवार रात अलीगंज पुलिस व क्राइम ब्रांच टीम ने पुरनिया में पेट्रोल पंप के पीछे कैलाश प्लाजा में चल रहे कॉल सेंटर पर छापा मारा। वहां से नौ युवतियों समेत 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया। कॉल सेंटर से 17 मोबाइल, 12 कंप्यूटर, एक प्रिंटर, एक लैपटॉप, एक एलईडी टीवी, दो डिश के सेट टॉप बॉक्स, एक डिजिटल कार्डलेस फोन, वाईफाई सेट टॉप बॉक्स, लेटर पैड, मोहर व चार पेन ड्राइव बरामद हुईं हैं।

अलीगंज इंस्पेक्टर पन्नेलाल यादव ने बताया कि पकड़े गए लोगों में संचालक अनुज कुमार पाल व उसकी पत्नी डॉली उर्फ रूबी निवासी ग्राम चंपापुर, थाना मितौली, लखीमपुर व हाल पता मौसमबाग, त्रिवेणीनगर, अजय कश्यप निवासी सेक्टर चार, विकासनगर, रमा सिंह निवासी मोहिबुल्लापुर, मड़ियांव, कोमल सिंह निवासी पलटन छावनी, मड़ियांव, जया निगम निवासी हरिओमनगर, मड़ियांव, रुचि तिवारी निवासी संत विहार कॉलोनी, मड़ियांव, सदफ खान निवासी पहली गली, निशातगंज, थाना महानगर, पूजा चौरसिया निवासी अस्ती क्रॉसिंग के पास, बीकेटी, प्रीति निवासी केशवनगर, मड़ियांव व पल्लवी निवासी त्रिवेणीनगर द्वितीय शामिल हैं। इंस्पेक्टर ने बताया कि अनुज कुमार पाल व अजय कश्यप को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया जबकि युवतियों को थाने से जमानत पर रिहा कर दिया गया।

एडीसीपी (उत्तरी) प्राची सिंह ने बताया कि अनुज व उसकी पत्नी पुरनिया में मार्च 2021 से ये कॉल सेंटर चला कर रहे थे। वह वर्ष 2017 से इस तरह की ठगी कर रहा है। अनुज व उसके साथियों द्वारा हरदोई व अन्य जगह भी कॉल सेंटर खोलकर ठगी की जानकारी पुलिस को मिली है। इस कॉल सेंटर के संचालन से जुड़े विशाल शर्मा निवासी अलीगढ़, अजय निवासी पटना, खुशबू, हिमांशी वर्मा व अभिषेक फरार हैं जिनकी तलाश में पुलिस व क्राइम ब्रांच को लगाया गया है।

इस तरह उड़ाते थे रकम

एडीसीपी (उत्तरी) प्राची सिंह ने बताया कि कॉल सेंटर के संचालक नौकरी डॉट कॉम समेत अन्य जॉब पोर्टल पर रजिस्टर्ड बेरोजगार युवाओं का डाटा निकालते थे। फिर इनके नंबर पर कॉल कर अच्छी कंपनी में मोटी तनख्वाह पर नौकरी का ऑफर देकर रजिस्ट्रेशन कराया जाता था। विश्वास दिलाने के लिए वह कंपनी की लाइव लोकेशन तक भेज देता था। इसके बाद एक लिंक शेयर किया जाता था। उस पर क्लिक करते ही संबंधित युवक/युवती का मोबाइल हैक कर खाते से पूरी रकम अपने यूके वॉलेट या फिर पेटीएम में ट्रांसफर कर लेते थे। कॉल सेंटर से फोन कर बातों में उलझाकर ओटीपी पूछकर भी ये लोग खाते से रकम उड़ाते थे।

दूसरे राज्यों के युवाओं को बनाते थे शिकार

लखनऊ। ये कॉल सेंटर खासकर दूसरे राज्यों के युवाओं को ही निशाना बनाता था, ताकि ठगी का शिकार बने युवक/युवती पैरवी के लिए दौड़भाग न कर सकें। कॉल सेंटर से दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, बिहार, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र आदि राज्यों के हजारों युवाओं से ठगी की जा चुकी है। कई पीड़ितों ने संबंधित जिलों में पुलिस से शिकायत भी की मगर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

छह महीने में बदल देता था स्टाफ

कॉल सेंटर का संचालक अनुज कुमार पाल बेरोजगार युवतियों को छह से आठ हजार रुपये वेतन पर कॉलिंग के लिए नौकरी पर रखता था। फिर उन्हीं से सुबह दस से शाम पांच बजे तक बेरोजगारों को कॉल कराता था। जो युवक–युवती झांसे में आकर नौकरी के लिए रजिस्ट्रेशन कराते थे, उन्हें लिंक भेजकर खाते से रकम उड़ाने का काम अनुज खुद करता था। कॉलिंग करने वाली युवतियां पांच–छह महीने में जब तक माजरा समझतीं वह किसी बहाने से उन्हें नौकरी से निकालकर दूसरी लड़कियों

जिले में फर्जी पत्रकारों के खिलाप जल्द चलेगा अभियान– एसपी रवि कुमार

अवध की आवाज

माधौगढ़ (जालौन) पिछले गत दिनों से तहसील एवं जिले भर में फर्जी पत्रकारों की बड़ी संख्या में तादात बढ़ गयी आए दिन डॉक्टरों, मास्टरों, ठेकेदारों एवं राजनैतिक दलों से पत्रकारिता के नाम पर धन उगाई करते हैं। इन लोगो के पास न ही कोई प्रेसआईकार्ड और न ही किसी संस्थान से जुड़े हुए है । इससे सबसे ज्यादा हानि पत्रकारों को हो रही हैं जब पुलिस गाड़ियों की चेकिंग अभियान चलाती तो ऐसे मे ये फर्जी पत्रकार पुलिस के ऊपर अपना रौब झाड़ते हुए कहते है कि हम मीडिया से है और अपने आपको पत्रकार बताकर भाग जाते वही अपने आपको पत्रकार कहने वालों की तादात बहुत ज्यादा हो गई हैं। ऐसे फर्जी पत्रकारों की गाड़ियां थाने में सड़ गल रही हैं । अब फर्जी पत्रकारों के खिलाफ जल्द अभियान चलाया जाए जिससे पत्रकारो का सम्मान बचा रहे ऐसे में वास्तविकता से जो पत्रकार बन्धु हैं। उनकी छबि धूमिल हो रही हैं पत्रकार देश का चौथा स्तंभ हैं जो अब फर्जी लोगो ने इसे कमाई का जरिया बना रखा है । अब आए दिन शिकायतें मिल रही हैं कि ठेकेदारों से धन उगाई की जा रही हैं। तो कही मास्टरों से बसूली की जा रही हैं। इससे न सिर्फ पुलिस को बल्कि सबसे ज्यादा पत्रकारों की छबि खराब हो रही हैं । इस सम्बंध में पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने बड़ी गम्भीरता से लेते हुए कहा कि जिले में हो या तहसीलो में फर्जी पत्रकारों को कतई बख्शा नही जाएगा माधौगढ़ कोतवाली प्रभारी प्रवीण कुमार ने कहा कि अब थाने में पीस कमेटी की बैठक बुलाई जाएगी और उस मीटिंग में सभी पत्रकारों का परिचय लिया जाएगा साथ ही उनका सम्मान किया जाएगा और कौन की संस्था से जुड़ा हैं। इस मीटिंग में बताएगा जिससे सभी पत्रकारों की सूची विभाग में भेजी जाएगी जिससे फर्जी पत्रकारों को जल्द से जल्द पकड़ा जाएगा अरुण तिवारी थाना प्रभारी कुठौंद ने कहा कि थाना में किसी प्रकार के फर्जी पत्रकारों की आवाजाही नही हो सकती क्योंकि पुलिस भी पत्रकारों का सम्मान करती हैं लेकिन कुछ लोग यह समझने लगते की हम उनके दबाब में सम्मान करते हैं लेकिन ऐसा बिल्कुल भी नहीं हैं। देश का चौथा स्तंभ हैं पत्रकारिता जब दूसरो को सम्मान दोगे तभी सम्मान पाओगे। इसी प्रकार जेपी पाल थाना प्रभारी रामपुरा ने कहा कि पत्रकारो की जल्द ही मीटिंग बुलाई जाएगी जिससे सभी पत्रकार अपना अपना परिचय से अवगत कराएंगे। जिससे फर्जी पत्रकारों को पकड़ सके माधौगढ़ पत्रकार सन्तोष कुमार ने बताया कि तहसील व ब्लॉक में फर्जी पत्रकारों की भरमार देखने को मिल रही है जिसमे पत्रकार कहकर लोग चौथे स्तंभ को झुकाना चाहते हैं । वही मोनू शर्मा ने बताया कि कोई भी पुलिस अथवा किसी भी व्यक्ति से पत्रकार होने की बात करे तो पहले उसको परख ले कि यह वास्तविक से पत्रकार हैं या पत्रकारिता को बदनाम कर रहा है अवधेश झां ने कहा कि वह हैं। जो हर सुख दुःख में हर व्यक्ति का साथ देता है अच्छा हो या बुरा वह हर पल खबर को कवरेज करने के लिए भी नही चूकता चाहे दिन हो या रात लेकिन फिर भी पत्रकारों पर फर्जी मुकदमे लिखे जाने लगे प्रिंस द्विवेदी ने कहा कि पत्रकार के घर परिवार में क्या चल रहा हैं। लेकिन फिर भी अपने परिवार को छोड़कर दूसरो के हितों के लिए हरपल तैयार रहता है। अरविन्द कुमार ने बताया कि कुछ फर्जी पत्रकारों के चलते पत्रकार बदनाम हो रहे है। ऐसे में पुलिस भी फर्जी पत्रकारों के ऊपर कोई बड़ा कदम नहीं उठा रही उल्टा ही पुलिस पत्रकारों के ऊपर बिना किसी जांच के फर्जी मुकदमे दर्ज कर रही। वही प्रिंट मीडिया के माधौगढ़ में पत्रकार वेद प्रकाश याज्ञिक दैनिक वॉइस ऑफ मूमेंट, डॉक्टर एलबी सिंह भारतीय सहारा जिला संवाददाता, अमित पवार अमर उजाला रामपुरा, अवधेश विश्वकर्मा दैनिक जागरण झांसी, सुखदेव सिंह अमर उजाला माधवगढ़ तहसील संवाददाता, विजय द्विवेदी पचनदा न्यूज, मानसिंह दैनिक हिंदुस्तान तहसील संवाददाता माधवगढ़, सुरेन्द्र श्रीवास्तव दैनिक जागरण कानपुर, अजीत उपाध्याय दैनिक भास्कर, अंकित सविता दैनिक जागरण झांसी रामपुरा, कुलदीप भदोरिया वॉइस ऑफ मूमेंट उमरी, डॉ विनोद कुमार उद्योग हकीकत, दीपक उदैनिया दैनिक लोकभारती, मनोज शिवहरे कृष्णा न्यूज चौनल, रिजवान खान दैनिक पवन वेग ब्लॉक संवाददाता माधवगढ़, प्रिंस द्विवेदी दैनिक पायनियर, मनोज गौतम जनसंदेश टाइम्स, अनुरुद्ध कुशवाहा, अंजनी कुमार सोनी, अमन नारायणअवस्थी, आलोक, घनश्याम सैंगर, अनुज शर्मा, प्रदीप कुमार बाथम, निखिल कुमार तिवारी, पवन कुमार, कुलदीप गौतम, पवन सविता, संतोष कुमार यागिक पब्लिक स्पोर्ट सप्ताहिक मण्डल प्रभारी, वेद प्रकाश यागिक तहसील और मनोज कुमार ब्लॉक माधौगढ़ पब्लिक स्पोर्ट सप्ताहिक, दैनिक आज अखलेश सविता, आलोक श्रीवास्तव दैनिक विश्ववार्ता, दैनिक जागरण झांसी और दैनिक विश्ववार्ता अरविन्द कुमार, कैनविज टाइमन्स और शाश्वत टाइम्स मोनू शर्मा जिला ब्यूरो आदि।

हत्या कर तालाब में फेंका गया युवती का शव मिला, जांच में जुटी पुलिस

अवध की आवाज

देवरिया। उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के खुखुंदू थाना क्षेत्र के सुबिखर गांव के तालाब में एक युवती का शव बुधवार की सुबह गांव के लोगों ने देखा। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसी गांव की एक युवती दो जुलाई की रात से गायब है। जिसके परिजनों ने पहले तो पहचान कर परिवार की होने की बात कही लेकिन जब पुलिस ने शव को तालाब से बाहर निकाला तो पहचाव करने से इनकार कर दिया। पुलिस अब पोस्टमार्टम के बाद डीएनए टेस्ट कराने की तैयारी में जुटी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, सुबखिर गांव के नदौली टोले के मार्ग पर सुबह शव मिलने की खबर पर ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। मौके पर पहुंचे खुखुदूं के एसओ अनिल यादव ने आसपास के लोगों से जानकारी लिया तो गांव के एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी पुत्री दो जुलाई की रात में अचानक गायब हो गई। जो अभी तक घर लौट कर नहीं आई है। उसका शव हो सकता है। जब पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया तो उस व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी जींस नही पहनी थी, उसका शव नहीं है। इस पर पुलिस ने अज्ञात शव मानकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवती के शव को देखने से पुलिस को आशंका है कि कई दिन पहले शव को पोखरे में फेंका गया है। इसके कारण शव काफी फूल गया है। युवती के सिर पर चोट के निशान मौजूद थे। इससे आशंका जताई जा रही है कि उसके सिर पर वार कर हत्या की गई है। शव को ठिकाने लगाने की नीयत से पोखरे में फेंक दिया गया है। पहचान न होने के कारण पुलिस शव का डीएनए टेस्ट कराने में जुट गई है। एसओ ने बताया कि पहचान होने के बाद ही घटना का खुलास हो पाएगा। पुलिस के सामने बहुत जल्द सच आ जाएगा।

भीषण बाढ़ से पंचनद क्षेत्र में दहशत

अवध की आवाज

जगम्मनपुर ,जालौन। विकासखंड रामपुरा के पंचनद क्षेत्र की नदियों में बाढ़ के रौद्र रूप के कारण ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। अनेकों सड़क मार्ग अवरुद्ध हो गए हैं। प्रशासनिक अमला हर स्थिति से निपटने को तैयार है। पंचनद क्षेत्र की 5 नदियों में चंबल एवं सिंध नदी रौद्र रूप धारण कर महाप्रलय मचाने को प्रबल वेग से बह रही है। पंचनद के इलाके में सिंध नदी के लगातार बढ़ते जल स्तर से रामपुरा क्षेत्र के ग्राम जायघा, विलौड, जखेता, हुकमपुरा ,सिद्धपुरा ,मडैयां अंगदेला,मिर्जापुरा, निनावली जागीर, नरौल ,कूसेपूरा, बेड़, मोहब्बतपुरा, भिटौरा ,कंजौसा आदि गांव की गलियों में बाढ़ का पानी हिलोरे मारने लगा है। इन गांव को जाने वाले रास्तों में पानी भरने से इनका सड़क संपर्क भी कट गया है। जगम्मनपुर से कंजौसा मार्ग पर 6 फुट ऊपर पानी बह रहा है , रामपुरा से नदिया पार जाने वाले मार्ग पर रामपुरा में आईटीआई के सामने सड़क पर कई फुट ऊंचा पानी भरा होने से संपूर्ण आवागमन ठप हो गया। जगम्मनपुर से ग्राम महटौली, बेरा , पतराही जाने वाले मार्ग में सड़क पर 20 फुट ऊंचा पानी भरने से उक्त गांवों का संपर्क कट गया है। उप जिलाधिकारी माधौगढ़ शालिग्राम, तहसीलदार प्रेम नारायण प्रजापत , एसएचओ रामपुरा इंस्पेक्टर जेपी पाल संपूर्ण स्थिति पर लगातार निगाह बनाए हुए हैं। प्रशासनिक अमला निरंतर बाढ़ प्रभावित इलाके का सघन दौरा करके क्षेत्रीय लोगों से सलाह मशवरा करके भविष्य की योजनाएं बनाने में जुटा है। पंचनद क्षेत्र के ग्रामीण गत 2 वर्ष पूर्व आयी भीषण बाढ़ से हुई तबाही का मंजर याद करके कांप उठते हैं वह इस बार भयभीत हैं कि यदि पुनः 2019 जैसी बाढ़ आयी तो अबकी बार हुए नुकसान को बर्दाश्त कर पाना कतई संभव नहीं होगा।

महिला नसबंदी में गोरखपुर सूबे में अव्वल, ऐसे मिली स्वास्थ्य विभाग को सफलता

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश में 11 से 31 जुलाई तक चले विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े के दौरान कुल 1508 महिलाओं को नसबंदी की सेवा देकर गोरखपुर जिले ने सूबे में पहला स्थान हासिल किया है। परिवार नियोजन के अन्य सात कार्यक्रमों में भी जिला टॉप टेन की सूची में शामिल है। एसीएमओ परिवार कल्याण डॉ. नंद कुमार ने बताया कि यह सफलता प्रतिदिन की रणनीति, अंग्रिम पंक्ति कार्यकर्ताओं की मेहनत और पार्टनर संस्था उत्तर प्रदेश टेक्निकल सपोर्ट यूनिट (यूपीटीएसयू) की मदद से मिली है। बताया कि यूपीटीएसयू से जुड़े जिला परिवार नियोजन विशेषज्ञ (डीएफपीएस) प्रतिदिन राज्य स्तर पर गोरखपुर की रैंकिंग की रिपोर्ट देकर लक्ष्य अर्जित करने के लिए उत्साहित करते थे। जिला कार्यक्रम प्रबंधक (एनएचएम) पंकज आनंद समेत पूरी टीम ब्लॉक से कोआर्डिनेट करती थी और ब्लॉक की टीम अंग्रिम पंक्ति कार्यकर्ताओं के जरिये रैकिंग सुधारने के प्रयास में जुटी थी। इसके सुखद परिणाम सामने आए हैं। बताया कि शहरी क्षेत्र में स्वयंसेवी संस्था पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल (पीएसआई)–द चैलेंज इनीशिएटिव फॉर हेल्दी सिटीज ने भी काफी सहयोग किया। स्वास्थ्य संचार के स्तर पर स्वयंसेवी संस्था सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च (सीफार) ने लोगों को जागरूक किया। सफलता पर सीएमओ डॉ. सुधाकर पांडेय ने पूरी टीम को बधाई दी है।

अखिल भारतीय प्रधान संगठन के बैनर तले प्रधान संगठन की बैठक हुई संपन्न

मोहम्मद खालिद

अवध की आवाज

खोड़ारे गोण्डा। अखिल भारतीय प्रधान संगठन के बैनर तले जिलाध्यक्ष विष्णु दत्त सिंह विसेन बतौर मुख्यातिथि व विशिष्ट अतिथि मण्डल अध्यक्ष दीपू यादव की उपस्थिति में विकासखण्ड बभनंजोत के पंडित गोविंद प्रसाद शुक्ला इंटर कॉलेज के प्रांगण में प्रधान संघ बैठक हुवा सम्पन्न ।जिसमे प्रधान संघ के द्वारा मनोनीति हुए ब्लॉक अध्यक्ष राहुल शुक्ला को बधाई देते हुए बैठक में संघ द्वारा कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करते हुए समस्या के निवारण के लिए जिलाध्यक्ष द्वारा आश्वासन दिया गया तथा प्रधान संघ की बैठक में उपस्थित ग्राम प्रधान व प्रधान प्रतिनिधि ने भर्ष्टाचार व शोषण होने सम्बन्धी हुंकार भरा गया ।मुख्यातिथि ने अपने सम्बोधन में कहा कि हम आप लोगो के साथ है मेरे रहते आपलोगो का कोई भी अहित नही कर सकता है बस केवल संगठित होकर एकता और अनुशासन में रहते हुए सहयोग देना होगा । इस अवसर पर महामंत्री मधुप सिंह ,उपाध्यक्ष मिथुन कुमार गुप्ता ,डॉ0 अब्दुस्लाम , प्रधान प्रतिनिधि इबरार अली ,सियाराम जायसवाल, बंटी सिंह ,पंकज कुमार पाण्डेय, कन्हैया बख्स सिंह प्रधान राम खेलावन वर्मा ,प्रधान प्रतिनिधि मो0इरफान ,अलग प्रधान ,सुनील कुमार जैसवाल सहित अधिकांस प्रधान प्रतिनिधि मौजूद रहे ।

राष्ट्रीय सूचना अधिकार आज़ाद मिशन के सौजन्य से आर टी आई काउंसिल ऑफ इंडिया के नाम से जन जागरुकता अभियान।

अवध की आवाज ब्यूरो

सीतापुर। सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 की धारा 1 से 127 तक अध्ययन करने एवं सभी नागरिकों अपने अधिकार जानने के बाद कर्तव्य निर्वहन करने के लिए सोमवार से शनिवार तक शाम 7 बजे से 8 बजे तक देश और समाज को अपने आधिकार प्रति जागरूक कर अखंड रूप में साकार करना ही हमारा लक्ष्य है। राष्ट्रीय सूचना अधिकार आज़ाद मिशन के सौजन्य से आर टी आई काउंसिल ऑफ इंडिया के नाम से जन जागरूकता अभियान लाने में तीव्रता से कार्य करेगा,। संगठन, के संयोजक विपिन कुमार त्यागी गाजियाबाद, राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुज कुमार सागर एडवोकेट इलाहाबाद हाई कोर्ट, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शांत कुलवीर जी,राष्ट्रीय सलाहकार रमेश शेखर बौद्ध , राजस्थान अध्यक्ष, विहार अध्यक्ष, म प्र अध्यक्ष,सत्यपाल सिंह सीतापुर, गोविंद विश्वास जी,राम सिंह जी,बिसंभर जी, ड्रा आर के सिंह म प्र, सत्य प्रकाश छत्तीसगढ़, रविन्द्र कुमार महोबा, पंकज झारखंड से रोहित कुशवाहा कन्नौज, राखी जी जबलपुर, भवर जी, राजस्थान, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह गोंडा ।



अवध की आवाज ब्यूरो

गणेशपुर कानपुर। दिनांक 03 08 2021 दिन मंगलवार को स्वर्ण जयंती विस्तार गणेशपुर कानपुर स्थित गुरुकुल महाविद्यालय के नए शिक्षा सत्र के शुभारंभ के अवसर पर इंडियन पुलिस महासंघ, पुलिस मित्र वेलफेयर फाउंडेशन एवं गुरुकुल महाविद्यालय द्वारा आयोजित एक सम्मान समारोह में कानपुर शहर के वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ हेमंत मोहन को सेवा भारती सम्मान 2021 एवं आरोग्यधाम की वरिष्ठ होम्योपैथिक की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आरती मोहन को नारी सशक्तिकरण सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी प्रशांत शर्मा का समाज सेवा के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में गुरुकुल संरक्षक डॉ दिनेश कुमार कुशवाहा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में अजय राज पांडे चेयरमैन गुरुकुल, जितेंद्र सिंह तोमर संपादक पंचायती सफर, डॉ कविता कुशवाहा संपादक प्रज्ञा मंथन, शाहरुख खान निर्देशक स्पोर्ट्स राष्ट्रीय खिलाड़ी, अमन खान टीवी स्टार गुरुकुल टीवी शो, आशा सिंह चेयरमैन नारी शक्ति सम्मान प्रोग्राम, डॉ मधु पाठक वाइस चेयरमैन नारी शक्ति सम्मान, श्रीमती कुसुम शिप्ले जनरल सेक्रेटरी नारी शक्ति सम्मान डॉक्टर सुल्तान अहमद एमडी, मोहित गुप्ता नेशनल हेड प्रोग्राम, रामू पाठक एवं शिवम खन्ना उपस्थित रहे।

सम्पादकीय

उत्तर प्रदेश में मुहर्रम संबंधी दिशा निर्देश

सामुदायिक फूट सत्ता के लिये लाभप्रद हो सकती है राष्ट्रीय एकता के लिये नहीं

अंग्रेजों की 'बांटो और राज करो ' की विश्वव्यापी नीति से सारा संसार परिचित है। हिटलर ने भी जर्मनी में सत्ता पर एकाधिकार स्थापित करने के लिये समाज को धर्म के आधार पर विभाजित करने का यही काम किया था। हालांकि दुनिया के शांतिप्रिय व प्रगतिशील विचारधारा के लोग मात्र सत्ता पर काबिज रहने के उद्देश्य से अपनाई जाने वाली 'बांटो और राज करो ' की नीति से सहमत नहीं हैं परन्तु चतुर राजनीतिज्ञ आज भी सत्ता हासिल करने या सत्ता में बने रहने के लिये इसी विभाजनकारी नीति का अनुसरण करते आ रहे हैं। अफसोस तो इस बात का है कि राजनीतिज्ञों की इस कुत्सित मंशा को अमली जामा पहनाने में हमारे देश की कार्यपालिका का एक वर्ग तथा गोदी मीडिया कहा जाने वाला मीडिया का एक बड़ा हिस्सा भी शामिल है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सुब्रमणियम स्वामी सहित अनेक नेताओं व गोदी मीडिया से जुड़े कई लोगों के इस आशय के विभिन्न वीडिओ वॉयरल हो चुके हैं जिसमें मुसलमानों में दरार डालने के लिये शिया–सुन्नी व देवबंदी –बरेलवी आदि वर्गों के बीच नफरत फैलाने व इन समुदायों के मध्य खाई और गहरी करने जैसे प्रयासों को अमल में लाने जैसी बातें करते सुना जा सकता है। संसद में तीन तलाक संबंधी कानून लाने के पीछे भी सरकार की मंशा मुस्लिम महिलाओं की चिंता कम अपितु मुस्लिम महिलाओं को अपने पक्ष में संगठित करने का प्रयास अधिक थी।

इसी प्रकार उत्तर प्रदेश में आगामी मुहर्रम के मद्देनजर उत्तर प्रदेश पुलिस के महानिदेशक मुकुल गोयल द्वारा जारी उत्तर प्रदेश के समस्त पुलिस आयुक्तों को जारी दिशा निर्देश भी सत्ता की इसी 'बांटो और राज करो 'की नीति का एक हिस्सा प्रतीत होते हैं। गत 31 जुलाई को पुलिस महानिदेशक कार्यालय से गोपनीय /अतिआवश्यक श्रेणी के तहत संख्या –डी जी –आठ–77(23)–2021 पत्रांक से प्रदेश के समस्त पुलिस आयुक्त ,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तथा पुलिस अधीक्षक को संबोधित करते हुए एक 13 सूत्रीय निर्देशावली जारी की गयी है। आश्चर्य यह है कि गोपनीय /अतिआवश्यक श्रेणी का पुलिस दस्तावेज होने के बावजूद यह पत्र सार्वजनिक व वायरल कैसे हो गया।

इस निर्देशावली के निर्देश संख्या 2 व 3 में उल्लिखित बातें ऐसी हैं जिनका न तो मुहर्रम से कोई संबंध है न ही यह बातें सत्य व तर्क आधारित हैं बल्कि निष्पक्ष नजर से देखने से यह साफ पता चलता है कि यह शब्दावली पूर्वाग्रह से प्रेरित तथा मुहर्रम जैसे शोकपूर्ण अवसर को बदनाम करने के उद्देश्य से जानबूझकर लिखी गयी हैं।

उदाहरण के तौर पर इसके निर्देश संख्या 2 में उल्लिखित है कि मुहर्रम के अवसर पर शिया समुदाय के लोगों द्वारा तबर्रा पढ़े जाने पर सुन्नी समुदाय (देवबंदी व अहले हदीस) द्वारा कड़ी आपत्ति व्यक्त की जाती है। शिया वर्ग के असामाजिक तत्वों द्वारा सार्वजनिक स्थानों,पतंगों व आवारा पशुओं पर तबर्रा लिखे जाने तथा देवबंदी व अहले हदीस वर्गों के असमाजिक तत्वों द्वारा इन्हीं तरीकों से अपने खलीफाओं के नाम लिखकर प्रदर्शित करने पर इन दोनों फिरकों के मध्य व्याप्त कटुता के कारण विवाद संभावित रहता है। जबकि निर्देश संख्या 3 में लिखा गया है कि मुहर्रम मुस्लिम समुदाय के शिया एवं बहुसंख्यक परंपरागत सुन्नी मुस्लिमों (सूफी /बरेलवी /हनफी आदि) द्वारा व्यक्त किये जाने वाले शोक व ताजियादारी का कट्टरपंथी विचारधारा वाले देवबंदी /अहले हदीस मत के सुन्नियों द्वारा कड़ा विरोध किये जाने तथा कटुता व मतभेदों के कारण अतिसंवेदनशील अवसर है। इस दिशा निर्देश में प्रयुक्त शब्दावली का कई शिया सुन्नी व हिन्दू धर्मगुरुओं ने भी विरोध किया है। मुहर्रम के संबंध में इस तरह की शब्दावली व विचारों का प्रयोग वही कर सकता है जो या तो करबला की घटना व हजरत इमाम हुसैन व उनके 72 साथियों की शहादत के मर्म से अनभिज्ञ हो या फिर जानबूझकर इस पवित्र अवसर को बदनाम करने की साजिश रच रहा हो।

तबर्रा शब्द का अर्थ प्रायः हजरत मुहम्मद के साथियों (सहाबा) के प्रति अपमान जनक भाषा का प्रयोग करने से लगाया जाता है। जबकि मुहर्रम में शहीद ए करबला हजरत इमाम हुसैन व उनके परिजनों व साथियों के बेरहमी से 3 दिन की भूख व प्यास की हालत में किये गए कत्ल का जिक्र किया जाता है और जालिम यजीद व उसकी सेना द्वारा ढाए गए जुल्म का वर्णन किया जाता है। भारत सहित पूरी दुनिया में इस अवसर पर हजरत इमाम हुसैन की याद में करोड़ों लोगों को मुफ्त लंगर वितरित किया जाता है तथा लाखों यूनिट रक्तदान किया जाता है। संभव है कि यजीदी विचारधारा का अनुसरण करने वाले कुछ लोगों या किसी वर्ग को हजरत हुसैन का शोक मनाना रास न आता हो। परन्तु इसका अर्थ यह नहीं कि इतिहास 1400 वर्ष पूर्व जुल्म व अत्याचार के विरुद्ध दी गयी हजरत हुसैन की ऐतिहासिक कुरबानी को फरामोश कर दे ? रहा सवाल देवबंदियों के मुहर्रम के विरोध करने का तो यह भी मनगढ़ंत बात है। कोई भी मुस्लिम वर्ग मुहर्रम व हजरत हुसैन की शहादत शोकपूर्ण तरीके से मनाए जाने का विरोध नहीं करता।

इसी प्रकार मुहर्रम को तबर्रा पढ़ने या फसाद फैलाने वाला त्यौहार बताना और दशकों पुरानी चंद असभ्य घटनाओं को आज की निर्देशावली में याद करना साफ जाहिर करता है कि यह सत्ता के इशारे पर या सत्ता को खुश करने के लिए की गयी एक कोशीश के सिवा और कुछ नहीं। किसी भी धार्मिक सरकारी निर्देशावली में प्रयुक्त शब्द संबद्ध धर्मों की मान मर्यादा व सम्मान के अनुरूप होने चाहिए। परन्तु अफसोस कि उत्तर प्रदेश में मुहर्रम संबंधी जारी दिशा निर्देश सामुदायिक फूट व सत्ता के लिये तो लाभप्रद प्रतीत होते हैं परन्तु इस तरह देश के दिशा निर्देश राष्ट्रीय एकता के लिये तो कतई मुनासिब नहीं।

देश के इतिहास में पहली बार बेरोजगारी दर इतने बड़े रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची है

—दीपक गिरकर—

देश में कोरोना काल के पहले से ही बेरोजगारी दर बढ़ती जा रही थी। सार्वजनिक क्षेत्र में रोजगार सृजन की दर अधिक थी, लेकिन उदारीकरण के पश्चात सार्वजनिक क्षेत्र की भागीदारी धीरे–धीरे कम होने लगी और निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ने लगी। आर्थिक नव उदारवाद के नाम पर औद्योगिक घरानों के हित साधकर और निजीकरण को बढ़ावा देकर लघु और कुटीर उद्योगों पर कुठाराघात किया गया है, इससे सभी क्षेत्रों में रोजगार का भयावह संकट पैदा हुआ है। रोजगार सृजन आज देश की सबसे बड़ी चुनौती है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी की रिपोर्ट के मुताबिक 2020 और 2021 में अब तक देश में लाखों लोगों की नौकरियां जा चुकी हैं।

पिछले कुछ सालों से एक ओर लोगों को रोजगार मिलने की संख्या में काफी गिरावट आई है और दूसरी ओर कई लोगों को अपनी नौकरी गंवानी पड़ी। युवाओं को नौकरियाँ ढूंढ़ने पर भी नहीं मिल रही हैं। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) के मुताबिक देश के ग्रामीण और शहरी इलाकों में बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है। बड़े उद्योग भी देश की बेरोजगारी की समस्या को दूर नहीं कर पा रहे हैं। देश के लगभग 80 फीसदी घरों में नियमित आय का कोई साधन नहीं है। संगठित उपक्रमों में युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा हैं और असंगठित क्षेत्र के छोटे उद्योग सरकारी उपेक्षा के शिकार हैं। विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार भारत में हर साल 81 लाख रोजगारों की जरूरत है। देश में बेरोजगारी दर उच्च स्तर पर पहुंच गई है। देश के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि बेरोजगारी दर रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है।

तेजी से बदलते विश्व आर्थिक परिवेश में जहाँ 'उद्योग 4.00' भारत तथा पूरे विश्व में एक लोकप्रिय शब्द बन चुका है। हम चौथी औद्योगिक क्रान्ति से गुजर रहे हैं, जहां रोबोटिक्स, संवर्धित वास्तविकता, इंटरनेट ऑफ थिंग्स आदि गतिविधियां महत्वपूर्ण और निर्णायक हो रही हैं। ऐसी परिस्थितियों में हमारे देश को रोजगार सृजन की चुनौती से सामना करना पड़ रहा है। डिजिटल होती दुनिया में रोजगार का स्वरूप बदल रहा है जिसमें फ्रीलान्स कार्य एक निश्चित अवधि तक लोगों को मिल रहा है, इसे गिग इकोनॉमी का नाम दिया गया है। गिग इकोनॉमी अनौपचारिक श्रम क्षेत्र का ही विस्तार है जिसमें श्रमिकों, काम करने वाले लोगों को बहुत कम भुगतान होता है और सामाजिक सुरक्षा, बीमा इत्यादि सुविधा भी नहीं है। गिग इकोनॉमी में कंपनी द्वारा तय समय में प्रोजेक्ट पूरा करने के एवज में भुगतान किया जाता है। इस अर्थव्यवस्था में कंपनी का काम करने वाला व्यक्ति कंपनी का कर्मचारी / मुलाजिम नहीं होता है। गिग इकोनॉमी को बढ़ावा देने के लिए देश में कुछ स्टार्टअप और कुछ कंपनियां कार्य करने लग गई हैं। स्विगी, जोमैटो, उबर और ओला जैसी कंपनियां गिग इकोनॉमी के तहत ही काम कर रही हैं और ड्राइवर, डिलीवरी बॉय को मामूली भुगतान कर रही हैं तथा रोजगार सुरक्षा भी प्रदान नहीं कर रही हैं।

मोदी सरकार ने बड़े जोर–शोर से स्टार्टअप इंडिया शुरू किया लेकिन स्टार्टअप इंडिया का लाभ सिर्फ 18 फीसदी स्टार्टअप्स को ही मिल रहा है। नौकरशाही की वजह से नए उद्यमी परेशान हैं। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) और मुद्रा लोन योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं की असफलता का ठीकरा बैंकों पर फोड़ा जाता है। सरकारी अधिकारियों के अनुसार बैंक लोन की प्रक्रिया बहुत जटिल है, बैंक सरकारी योजनाओं में ऋण स्वीकृत करने के इच्छुक नहीं रहते हैं, बैंक समय पर ऋण स्वीकृत करके वितरित नहीं करते हैं, बैंक कम ऋण राशि स्वीकृत करते हैं। जबकि विभिन्न सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की तस्वीर कुछ अलग ही है। सही मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और पर्यवेक्षण के अभाव में अधिकतर सरकारी योजनाएँ रोजगार की दृष्टि से असफल रही हैं। सरकारी योजनाओं का लाभ लेने वाले अधिकाँश आवेदकों की रूचि सिर्फ बैंक से लोन लेने में होती है, जिन आस्तियों के लिए बैंक ने वित्त पोषण किया था या तो वे उसे खरीदते ही नहीं हैं या उन्हें बेच देते हैं और बिक्री से प्राप्त राशि का दुरुपयोग कर देते हैं।

सरकारी योजनाओं में ऋणी द्वारा बेईमानी से ऋण राशि का डाइवर्जन किया जाता है। जिन उद्देश्यों के लिए ऋणी द्वारा ऋण लिया गया, उसका उपयोग उन उद्देश्यों के लिए नहीं किया जाता है। ऋणी ऋण राशि का इस्तेमाल निजी उपयोग, धोखाधड़ी, गलत विनियोग में कर देते हैं। जिला उद्योग केन्द्र और अन्य सरकारी संस्थाओं में संबंधित अधिकारी अनुचित तत्परता के कारण ऋण प्रपोजल का यथोचित मूल्यांकन नहीं कर पाते हैं। सरकारी योजनाओं के टारगेट पूरा करने के चक्कर में वे जैसा ऋण प्रस्ताव आवेदक बनाकर लाता है, उसी को बैंक में प्रेषित कर देते हैं। सरकारी अधिकारी सिर्फ कागजी कार्यवाही करके सरकारी योजनाओं की प्रगति और रोजगार के आंकड़े जारी कर देते हैं जबकि जमीनी हकीकत कुछ और ही होती है। सरकार प्रत्येक बजट में नई स्वरोजगार योजना ले आती है लेकिन सरकारी मशीनरी द्वारा किसी भी सरकारी योजना का सही क्रियान्वयन नहीं किया जा रहा है। सरकार रोजगार सृजन के जो आंकड़े प्रस्तुत करती है, वे सिर्फ कागजी आंकड़े होते हैं। मेक इन इंडिया योजना से भी रोजगार सृजन में बढ़ोतरी नहीं हुई है। एक नया कारोबार या नया स्टार्टअप शुरू करने के मामले में आवश्यक परमिटों एवं निबंधनों की एक लम्बी–चौड़ी सूची से पाला पड़ता है और उस सूची का अनुपालन एक जटिल और बोझिल प्रक्रिया है। भारतीय अर्थव्यवस्था की पर की गई सभी समीक्षाओं और रिपोर्ट्स के अनुसार नोटबंदी और जीएसटी लागू होने से भारी तादाद में बेरोजगारी बढ़ी है और नए रोजगार भी सृजित नहीं हुए हैं। एनआईपी की रिपोर्ट के अनुसार भारत विश्व में इंफ्रास्ट्राक्चर के मामले में 70वें स्थान पर है जो चिंताजनक है।

रोजगार में कमी से अर्थव्यवस्था को नुकसान हुआ है। भारतीय अर्थव्यवस्था में विकास दर और रोजगार दर में हमेशा असंतुलन रहा है। आर्थिक सुधार की विसंगतियों और सरकारी मशीनरी के लुंज–पुंज रवैये का परिणाम है बेरोजगारी। विश्वभर में भारत में सबसे अधिक युवा जनसंख्या है। देश में चुनाव जीतने का मूलमंत्र है युवाओं का दिल जीतना और युवाओं का दिल उन्हें रोजगार प्रदान करके ही जीता जा सकता है। हमारे देश में अभी तक सेवा क्षेत्र पर ही अधिक जोर दिया जाता रहा है। बेरोजगारी की समस्या के समाधान के लिए सरकार को कुछ ठोस कदम उठाने होंगे– ऐसी नीतियों पर काम करना होगा जिसमें श्रम सघन उत्पादन क्षेत्र को बढ़ावा मिल सके। बुनियादी ढांचा विकास, एमएसएमई, छोटे उद्योग, श्रम गहन इकाइयों, कुटीर उद्योग, हथकरघा उद्योग, स्टार्टअप, विशेष आर्थिक क्षेत्र (सेज), पर्यटन उद्योग, पिछड़े क्षेत्रों में औद्योगीकरण को बढ़ावा देकर रोजगार में वृद्धि की जा सकती है।

यह कहना सरासर गलत है कि बेरोजगार युवाओं में कौशल और तकनीकी गुणवत्ता की कमी है। ग्रामीण युवाओं को स्थानीय स्तर पर उपलब्ध भौतिक व प्राकृतिक संसाधनों के अनुसार उद्योगों की स्थापना करवा कर ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन किया जा सकता है। कुटीर उद्योग, हथकरघा उद्योग और छोटे उद्योगों को अधिक प्रोत्साहन की जरूरत है। सरकार की नीतियां बड़ी कंपनियों पर ही केंद्रित हैं। बेरोजगारी का एकमात्र निदान स्वरोजगार नहीं है। सरकार अपने सभी विभागों व उपक्रमों में रिक्त पड़े पदों को क्यों नहीं भर रही है? केंद्र और विभिन्न राज्य सरकारों में लाखों पद रिक्त पड़े हैं। देश में जनसंख्या के हिसाब से डॉक्टर्स की संख्या बहुत कम है। देश में नए मेडिकल कॉलेज खोले जाने चाहिए और वर्तमान में जो मेडिकल कॉलेज हैं उनमें सीटे बढ़ाई जानी चाहिए। सरकार को अधिक रोजगार जुटाने वाले क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करना होगा। विभिन्न ट्रेड यूनियनों और श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने एमएसएमई के माध्यम से रोजगार सृजन के पुनरुद्धार के लिए एक अलग कोष की मांग की है। केंद्र सरकार को विभिन्न क्षेत्रों में आधारभूत परियोजनाओं को लाना होगा। इससे नए रोजगार सृजित होंगे। सिर्फ निजी निवेश को बढ़ावा देने से खास नतीजे नहीं दिखेंगे, इसके लिए निजी क्षेत्र के साथ सार्वजनिक क्षेत्र को भी बढ़ावा देना होगा। विदेशी बाजारों पर भी फोकस करके रोजगार सृजन में बढ़ोतरी की जा सकती है। अब विकास की योजनाएं देश के बेरोजगार युवाओं के हितों को ध्यान में रखकर ठोस योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाना चाहिए, तभी हमारे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और रोजगार सृजन की चुनौती से निपट सकेंगे।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)

लखनऊ में उछल उछल कर थप्पड़ लगाने वाली लड़की पर हुआ केस दर्ज सीसीटीवी में आई फुटेज से खुला पोल

अवध की आवाज ब्यूरो

लखनऊ। लखनऊ में कृष्णा नगर इलाके के अवध चौराहे पर सरेराह युवक की पिटाई करने वाली युवती की चौतरफा गिरफ्तारी की मांग उठ रही है। कैब ड्राइवर और बीचबचाव करने आए शख्स पर थप्पड़ बरसाने वाला वीडियो वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर बखेड़ा खड़ा हो गया। हालांकि सीसीटीवी फुटेज सामने आने पर साफ हो गया कि असल में गलती किसकी थी। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने आरोपी लड़की प्रियदर्शिनी यादव पर लूट और तोड़फोड़ करने की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। सोमवार को घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद मामला तूल पकड़ने लगा। जिसके बाद पुलिस को लूट और तोड़फोड़ की धाराओं में मुकदमा दर्ज करना पड़ा। यह भी सामने आया है कि पुलिस ने शुरुआत में गुमराह किया। इसी वजह से यह मामला बीते तीन दिनों से सुर्खियों में है। प्रक्रिया के मुताबिक, इस तरह के मारपीट के मामले में सबसे पहले मेडिकल कराना चाहिए था, लेकिन मेडिकल तो दूर मुकदमा तक सही धाराओं में नहीं लिखा गया।

पुलिस ने जिसे ग्न्ट बताया, ब्ब्ट में वह कार वैगनआर निकली

इंस्पेक्टर कृष्णा नगर ने पहले यह बताया था कि केसरी खेड़ा निवासी प्रियदर्शनी पैदल जा रही थी, उसी दौरान काले रंग की एक्सयूवी 500 यूपी 32 एचए 2545 गाड़ी में सवार शहादत अली, इनायत अली, दाऊद अली की गाड़ी से टक्कर हो गई। इसके बाद मारपीट की सूचना मिली थी। जिसके बाद दोनों पक्षों को थाने लाकर कार्रवाई की गई। लेकिन सीसीटीवी सामने आने के बाद दिख रहा है कि गाड़ी एक्सयूवी नहीं बल्कि मारुति की वैगन आर है।

लड़की की शिकायत पर पिटने वाले पर ही कर दी कार्रवाई

इससे पहले पुलिस ने केसरी खेड़ा निवाशी प्रियदर्शनी की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए आरोपी का 151 में चालान कर दिया। वहीं लड़की को भी बीच सड़क पर हंगामा करने और लड़कों से मारपीट करने के लिए चेतावनी देकर छोड़ दिया गया था।

मेडिकल न कराए जाने पर उठ रहे सवाल

मेडिकल न कराए जाने के सवाल पर इंस्पेक्टर कृष्णा नगर महेश दुबे ने बताया कि मेडिकल किसी का नहीं हुआ था। मेडिकल की जरूरत जब महसूस की जाती है तभी करवाया जाता है। चौकी इंचार्ज मौके पर मौजूद थे, लेकिन उन्होंने मेडिकल कराना जरूरी नहीं समझा। वहीं डीसीपी सेंट्रल ख्याति गर्ग ने कहा कि प्रावधान तो है कि मेडिकल कराया जाना चाहिए, लेकिन इस मामले में ऐप्लीकेशन नहीं दी गई थी।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला अध्यक्ष ने कोरोना योद्धा डॉक्टरों का सम्मान किया

अवध की आवाज ब्यूरो

कानपुर नगर। कोरोना में विशेष सेवाएं देने के लिए आरोग्य धाम के वरिष्ठ होमियोपैथिक डॉक्टर हेमंत मोहन व डॉक्टर आरती मोहन सम्मानित दिनांक 30 जुलाई दिन शुक्रवार को भाजपा कार्यालय नवीन मार्केट में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक व जिला अध्यक्ष सुनील बजाज ने कोरोना योद्धाओं चिकित्सकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉक्टर हेमंत व डॉक्टर आरती मोहन ने कहा कि तीसरी लहर में आरोग्य धाम के चिकित्सकों के साथ अन्य चिकित्सक भी सेवा भाव से कार्य करने हेतु मरीजों से मित्रवत व्यवहार करें। इस अवसर पर सत्यम शुक्ला, संतोष शुक्ला, पारस मदान, सत्यम गुप्ता मौजूद रहे।

आपदा में जन सेवा का अवसर खोजते ब्लाक प्रमुख अजीत

अवध की आवाज

माधौगढ ,जालौन। जब दिल में जन सेवा करने का जज्बा हो और आपदा में सहायता के लिए हाथ बढ़ाने की दृढ़ इच्छाशक्ति हो तो आपको हातिमताई बनने से कोई नहीं रोक सकता। उक्त उदाहरण ब्लाक प्रमुख रामपुरा अजीत सिंह सेंगर पर सटीक साबित होता हैं। अजीत सिंह सेंगर ब्लाक प्रमुख निर्वाचित होने के बाद राजनैतिक पथ के राही अवश्य हो गए हैं किंतु वह राजनीतिक व्यक्ति नहीं है। वह विशुद्ध रूप से उद्योगपति हैं। उनका पालन पोषण सुसंस्कारित परिवार में होने के कारण माननीय संवेदनाएं उनके हृदय में हिलोरें मारती हैं। इसका ठीक–ठाक प्रमाण है कि विकासखंड रामपुरा का 50: भूभाग एवं आबादी भीषण बाढ़ की चपेट में है । स्वयं ब्लॉक प्रमुख अजीत सिंह का गांव वेरा चारों ओर पानी से घिर जाने के कारण टापू बन गया है। इसके बावजूद वह इस आपदा में जनसेवा का अवसर खोजते हुए वीडियो के माध्यम से अपने विकासखंड क्षेत्र के लोगों से नदी एवं वर्षा के पानी में जाने से रोकने का निवेदन कर रहे हैं तथा आवश्यकता पढ़ने पर सहायता के लिए फोन करने की अपील भी कर रहे हैं एवं आश्वासन दे रहे हैं की जरूरत वाले स्थान पर वह निश्चित रूप से यथाशीघ्र पहुंच जाएंगे। ब्लाक प्रमुख अजीत सिंह सेंगर ने अपने क्षेत्र के लोगों से निवेदन किया है कि वह नदी अथवा बाढ़ के पानी में प्रवेश न करें एवं पशुओं तथा बच्चों को भी जल प्रभावित क्षेत्र में जाने से रोकें है ताकि किसी प्रकार की अनहोनी या जन धन हानि होने से बचा जा सके स किसी जनप्रतिनिधि के द्वारा इस प्रकार की अपील एवं इस प्रकार का आश्वासन रामपुरा क्षेत्र के लिए अपने आप में एक अनूठा उदाहरण है।

दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अवध की अवाजउन्नाव। पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी महोदय नगर के कुशल पर्यवेक्षण महिला संबन्धी अपराधों की रोकथाम एवं संबन्धित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना गंगाघाट पुलिस द्वारा दुष्कर्म में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया निरीक्षक कृष्ण नन्दन तिवारी व उ0नि0 सुशील कुमार यादव मय हमराह फोर्स द्वारा मु0अ0सं0 300/2021 धारा 376(क)(ख) भादवि व 5ड/6 पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त रामनरायन निषाद उर्फ नारायण निषाद उर्फ सेठ पुत्र स्व0 जवाहर निषाद निवासी मिश्रा कालोनी थाना गंगाघाट उन्नाव को नयागंगापुल तिराहे से गिरफ्तार किया गया । अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

की नजर में है
मालखाना

आप कैमरे की नजर में है

अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस महोविवरणनाव व क्षेत्राधिकारी महोदय नगर के कुशल पर्यवेक्षण में महिला संबन्धी अपराधों की रोकथाम एवं संबन्धित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना गंगाघाट पुलिस द्वारा दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया ।

चोरी की तीन बैटरी के साथ शातिर चोर गिरफ्तार

अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक उन्नाव व क्षेत्राधिकारी सफीपुर के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सफीपुर पुलिस द्वारा एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी की तीन बैटरियां बरामद की गई।

कार्यालय
थाना आलमबाग

लखनऊ। डीसीपी मध्य सुश्री ख्याति गर्ग के निर्देशन में सहायक पुलिस आयुक्त विक्रम सिंह व इंस्पेक्टर अमरनाथ विश्वकमा आलमबाग ने शतिर गांजा तशकर को गिरफतार किया। जिसके कब्जे से 1 किलो 120 ग्राम अवैध गांजा

राज कुंद्रा और शिल्पा शेट्टी पर 3 लाख का जुर्माना लगाने वाली एसईबीआई ने पीछे खींचे हाथ, रद्द हुआ केस

मुंबई, (वेबवार्ता)। शिल्पा शेट्टी और उनके पति और बिजनसमैन राज कुंद्रा के खिलाफ 'सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया' ने न्यायिक कार्यवाही का निपटारा किया है। कुछ दिनों पहले एसईबीआई ने विआन इंडस्ट्रीज पर 3 लाख रुपए का जुर्माना लगाया था। यह जुर्माना इनसाइडर ट्रेडिंग (भेदिया कारोबार) नियमों के उल्लंघन की वजह से लगाया गया था। अब एसईबीआई ने 3 लाख का जुर्माना वाले केस को वापस ले लिया है। एसईबीआई ने अपने आदेश में उल्लेख किया कि तरजीही आवंटन में युगल की सामूहिक हिस्सेदारी 0.02 प्रतिशत था और शिल्पा शेट्टी कुंद्रा और राज कुंद्रा द्वारा शेयरों के व्यक्तिगत अधिग्रहण के संदर्भ में देखा गया तो यह 0.01 प्रतिशत तक बदल गया था। नियामक के मुताबिक तरजीही आवंटन के बाद उनकी शेयरधारिता में परिवर्तन नियमों के तहत निधारित सीमा के भीतर है और शेयरधारिता में यह बदलाव उनके द्वारा किए जाने वाले किसी भी खुलासे को वारंट नहीं करता है। नियामक ने 26 अप्रैल, 2021 को रिपू सूदन उर्फ कुंद्रा और शिल्पा शेट्टी कुंद्रा के खिलाफ एससीएन द्वारा जारी नोटिस के खिलाफ शुरू की गई न्यायिक कार्यवाही निपटारा किया है। सेबी ने 30 जुलाई, 2021 को जारी अपने आदेश में कहा,'नोटिस पाने वालों (दोनों) की शेयरधारिता में बदलाव के लिए उनके द्वारा एसएएसटी विनियमों तहत किसी खुलासे की जरूरत नहीं थी और कारण बताओ

नोटिस (एससीएन) में लगाया गया यह आरोप कि उन्होंने एसएएसटी विनियमों का उल्लंघन किया, जो टिकने योग्य नहीं हैं। शेयरों के आवंटन के मुताबिक शिल्पा और राज पर यह आरोप लगाया गया था कि कंपनी में कपल की हिस्सेदारी में कुछ बदलाव आए हैं इसलिए, उन्हें एसएएसटी मानदंडों के तहत स्टॉक एक्सचेंज, बीएसई और कंपनी को आवश्यक खुलासे करने की आवश्यकता थी। हालांकि, शिल्पा और राज निर्धारित समय अवधि के अंदर आवश्यक खुलासे करने में विफल रहे थे। जिसकी वजह से कुंद्रा के खिलाफ कार्यवाही करने का फैसला लिया गया है और अप्रैल, 2021 में उन्हें एससीएन जारी किया गया था। गौरतलब है कि नियामक ने यह आदेश सितंबर, 2013 से लेकर 2015, दिसंबर के दौरान की गई जांच के बाद दिया था। एसईबीआई ने इन इकाइयों की 'भेदिया कारोबार प्रतिबंध' नियमों के उल्लंघन के तहत जांच शुरू की थी। 2015, अक्टूबर में विआन इंडस्ट्रीज ने चार लोगों को पांच लाख शेयर आवंटित किए थे। इनमें से प्रत्येक को 1,28,800 शेयर आवंटित किए गए थे। इसके अलावा रिपू सूदन और शिल्पा को 25.75 प्रतिशत हिस्सेदारी के बाद विआन इंडस्ट्रीज के प्रमोटर बन गए।

राजवीर ने खुलासा किया कि कैसे हेमा मालिनी ने एक दुआ की शूटिंग के दौरान उन्हें प्रोत्साहित किया

मुंबई, (वेबवार्ता)। नवीनतम डिजिटल फिल्म एक दुआ में ईशा देओल तख्तानी के साथ अभिनय करने वाले अभिनेता राजवीर अंकुर सिंह ने खुलासा किया है कि कैसे ईशा की मां, अनुभवी अभिनेत्री हेमा मालिनी शूटिंग के दौरान सेट पर आती थीं और वह उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए क्या कहती थीं। राजवीर ने आईएएनएस को बताया, हेमाजी कई बार सेट पर आई, वह बहुत विनम्र, अच्छी और प्रेरक व्यक्ति हैं। हेमाजी से मिलना बहुत अच्छा रहा है। उनके पास कहने के लिए हमेशा दयालु शब्द होते हैं। सबसे अच्छी बात यह थी कि जब उन्होंने मुझसे कहा कि आपके करियर के लिए शुभकामनाएं यंग मैन। यह बहुत खास था और मैं इसे अपने दिमाग में रखूंगा। मैं कड़ी मेहनत करूंगा और हर संभव तरीके से उन्हें गौरवान्वित करने की कोशिश करूंगा ईशा देओल तख्तानी एक दुआ के लिए निमार्ता बनी हैं और मुख्य भूमिका में भी हैं। ईशा के साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा करते हुए, राजवीर ने कहा कि एक सह–अभिनेता के रूप में ईशा अभूतपूर्व है। वह पहले दिन से मेरे साथ अच्छी रही है जब मैं उससे रिहर्सल के लिए मिला था। वह बहुत गर्मजोशी से स्वागत करने वाली है। अगर हम कहीं फंस गए , अगर मुझे किसी मदद की जरूरत होती, तो उन्होंने हमेशा मेरी मदद की। वह एक अच्छी अभिनेत्री, एक दयालु आत्मा और एक अद्भुत माँ है। राम कमल मुखर्जी निर्देशित फिल्म एक दुआ कन्या भ्रूण हत्या के मुद्दे को संबोधित करती है। सामाजिक बुराई पर अपनी राय साझा करते हुए, अभिनेता ने कहा

कि यह कुछ ऐसा है जिसे मैं अपनी कल्पना में भी नहीं समझ सकता, लेकिन ऐसा होता है और यह बहुत दुखद है। इसलिए, ऐसी फिल्म का हिस्सा बनना खुशी की बात है जो इस तरह की चीजों को उठाती है। उन्होंने कहा कि एक छह साल की बेटी का पिता होने के नाते, मैं कह सकता हूं कि यह फिल्म आपकी आत्मा को छू जाएगी। इसमें एक संदेश है, जो हमारे समाज में इस समय बहुत प्रासंगिक है। मैं सिर्फ इसका हिस्सा बनना चाहता था। यह फिल्म संदेश देती है क्योंकि मैं अपनी बेटी से प्यार करता हूं और मुझे पता है कि मुझे उस पर कितना गर्व है। वह दुनिया की सबसे आश्चर्यजनक चीज है, वास्तव में, सभी बेटियां अद्भुत होती है।

हनी सिंह पर उनकी पत्नी ने लगाया घरेलू हिंसा का आरोप

नई दिल्ली, (वेबवार्ता)। हनी सिंह के नाम से मशहूर रैपर और संगीतकार हिरदेश सिंह की पत्नी शालिनी तलवार ने मंगलवार को तीस हजारी

अदालत में उनके खिलाफ घरेलू हिंसा का मामला दर्ज कराया है। तलवार ने अपनी 118 पन्नों की शिकायत में हनी सिंह पर विभिन्न महिलाओं के साथ यौन संबंध बनाने का आरोप लगाया है और उनके साथ शारीरिक, मौखिक और भावनात्मक शोषण करने का आरोप लगाया है । हनी सिंह की पत्नी ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया , उसने कई महिलाओं के साथ लगातार यौन संबंध बनाए और अपने यौन इरादों और अवैध संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए, कभी भी जनता के सामने यह खुलासा नहीं किया कि वह शादीशुदा है। रैपर और तलवार ने 2011 में दिल्ली के एक गुरुद्वारे में शादी की थी। तलवार ने आरोप लगाया कि हनी सिंह 2011 में दिल्ली के एक गुरुद्वारे में शादी के समय से ही अपनी आदतों को छुपाने की कोशिश करता रहा। उसने उन पर मादक द्रव्यों के सेवन और यहां तक कि एक पंजाबी फिल्म अभिनेत्री के साथ संबंध रखने का आरोप लगाया है। मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट तानिया सिंह ने शिकायत पर संज्ञान लेते हुए हनी सिंह को 28 अगस्त को पेश होने का नोटिस जारी किया है।

उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्षा का किया स्वागत

अवध की आवाज

बरेली। आज अर्बन कॉपरेटिव बैंक के सभागार में उधोग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की जनपद बरेली इकाई ने क्षेत्र पंचायत जनप्रतिनिधियों को एक समारोह में सम्मानित किया, जिसमें मुख्य अध्यक्ष के रूप में नवनिर्वाचित जिला अध्यक्षा श्रीमती रश्मि पटेल जी शामिल रहीं। कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने कहा कि व्यापारियों के हितों को सर्वोपरि रखने के लिये और उनकी तमाम समस्याओं को दूर करने के लिये वो प्रयासरत रहेंगी, जो भी समस्या उनके सम्मुख लायी जाएगी उसका जल्द से जल्द निराकरण किया जाएगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में डॉ कुलमोहन अरोड़ा (नगर अध्यक्ष भाजपा), पवन अरोड़ा (सदस्य उत्तर प्रदेश व्यापारी कल्याण बोर्ड), डॉ निवेदिता श्रीवास्तव (शिक्षक रुहिलखंड विश्वविद्यालय) एवं अन्य अतिथि के रूप में पार्षद पूनम गौतम, पीलीभीत जिला

अध्यक्ष करनजीत सिंह, जिला अध्यक्ष बदायूं राहुल रावत एवं संरक्षक अमर सिंह परमार एवं कवि रोहित राकेश उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिन ब्लॉक प्रमुखों का सम्मान किया गया वो थे वजीरगंज से गुड्डो देवी, कादरचौक बदायूं वीरेन्द्र राजपूत, दातागंज से आतेन्द्र विक्रम सिंह, मियांउँ से के सी शाक्य, मीरगंज से गोपालकृष्ण गंगवार, उसावां से ठाकुर दिनेश सिंह, बिथरी से बृजेश कुमारीजी, समरैड से धीरज सक्सेना, आदि रहे। कुछ नए सदस्यों को भी पद प्रदान किये गए जिसमें जिला अध्यक्ष युवा का पद अमनदीप सक्सेना और संगठन मंत्री का पद आशीष सक्सेना को प्रदान किया गया। कार्यक्रम में संयोजक की भूमिका में शशिकांत गौतम(पार्षद पति), जिला अध्यक्ष अमित सक्सेना, महानगर अध्यक्ष मोहित तिवारी, मंडल उपाध्यक्ष अनुज कुमार वर्मा, अभिषेक वर्मा, बाबू राजपूत, मोनू पंडित, राहुल गुप्ता, अमित तिवारी, अपूर्व गंगवार के अलावा संगठन के तमाम पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे। अंत मे अपने धन्यवाद ज्ञापन में मंडल अध्यक्ष विशाल श्रीवास्तव ने कहा कि आज व्यापारी वर्ग अपनी समस्याओं को लेकर संशयित रहता है इसीलिए करीब 10 साल पहले इस संगठन का निर्माण किया गया अब हम सब मिलकर प्रयासरत रहते हैं कि सब समस्याएं समय पर निपट जाएं। इस संगठन में हमनें युवा व्यापारी वर्ग को विशेष स्थान देने का प्रयास किया है ताकि उनके जोश को संगठन के द्वारा नई दिशा दी जा सके।

रिटायर्ड वनकर्मी के घर चोरी के इरादे से घुसे बदमाशों ने की फायरिंग, दो घायल

महोबा। महोबा जिले के कस्बा पनवाड़ी में रिटायर्ड वनकर्मी रघुवीर व्यास के घर में चोरी के इरादे से घुसे बदमाशों ने परिजनों के जागने पर फायरिंग कर दी। गोली लगने से रिटायर्ड वनकर्मी की पत्नी समेत दो लोग घायल हो गए। शोर–शराबा सुनकर एकत्र हुए ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए भाग रहे एक बदमाश को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। घायलों को गंभीर हालत में सीएचसी से मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर किया गया है। रिटायर्ड वनकर्मी रघुवीर व्यास मंगलवार रात खाना खाने के बाद अपनी पत्नी चंदा, नाती सोम व अन्य परिजनों के साथ सो गए। रात करीब ढाई बजे रघुवीर व्यास की नींद खुली और वह बाथरूम गए तो एक युवक खड़ा दिखाई दिया। शोर मचाते हुए उन्होंने युवक को पकड़ने की कोशिश की तो आरोपी धक्का मारते हुए भाग निकला। इसी दौरान परिजनों व पड़ोसियों ने घर की तलासी ली तो कमरे में छिपे दूसरे आरोपी ने फायरिंग कर दी। गोली लगने से रिटायर्ड वनकर्मी की पत्नी व पड़ोसी गौतम सेन घायल हो गए।

घटना को अंजाम देकर भाग रहे बदमाश को ग्रामीणों ने पकड़ लिया और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पकड़े गए चोर ने अपना नाम विपिन राजपूत निवासी ओडेरा कोतवाली राठ जिला हमीरपुर बताया। बदमाश के पास से 315 बोर का एक तमंचा, दो कारतूस, एक मोबाइल बरामद किया गया। थाना प्रभारी पनवाड़ी दीपक पांडे का कहना है कि दूसरे साथी की तलाश की जा रही है। मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

अमित शाह ने मध्यप्रदेश में बाढ़ के हालातों पर चर्चा की शिवराज से

भोपाल, (वेबवार्ता)। मध्यप्रदेश के ग्वालियर चंबल अंचल के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सेना की मदद से राहत एवं बचाव कार्य दिनरात जारी हैं और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी आज प्रभावित क्षेत्रों का हवाई दौरा करेंगे। आधिकारिक सूत्रों के अनुसान इस बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से चौहान ने दूरभाष पर चर्चा कर बाढ़ के ताजा हालातों की जानकारी दी। उन्होंने सरकार की ओर से किए जा रहे राहत एवं बचाव कार्यों के बारे में भी शाह को जानकारी दी। चौहान ने लोगों को बचाने में केंद्र सरकार की ओर से मिले सहयोग के लिए शाह को धन्यवाद दिया। शाह ने चौहान को आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार मध्यप्रदेश के साथ है और लोगों को बचाने में जो भी संसाधन या मदद की जरूरत होगी, सरकार मुहैया कराएगी।

इस बीच चौहान रात्रि साढ़े दस बजे भी यहां राज्य मंत्रालय स्थित राज्य सिचुएशन रूम पहुंचे और ग्वालियर चंबल अंचल के अधिकारियों से चर्चा की राहत एवं बचाव कार्य की जानकारी ली। श्री चौहान आज दिन में वायुयान से ग्वालियर जाएंगे और वहां से हेलीकॉप्टर से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई दौरा करेंगे। इसके पहले वे फिर से राज्य सिचुएशन रूम जाकर ताजा हालातों की जानकारी लेंगे।

शिवपुरी, श्योपुर, दतिया, ग्वालियर, भिंड, मुरैना और गुना आदि जिलों में पिछले दो तीन दिनों से बाढ़ की स्थिति बनी हुयी है। कल रात तक दो हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया है। कुल 1171 गांव बाढ़ से प्रभावित होने की जानकारी सामने आयी है। क्षेत्र में अब भी कई ग्रामीण बाढ़ के पानी में फसे हैं। उन्हें बचाने के लिए सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पुलिस की मदद से राहत एवं बचाव कार्य रात भर चले। सुबह से वायुसेना के हेलीकॉप्टर की मदद से बचाव कार्य फिर प्रारंभ किए गए। हेलीकॉप्टर की मदद से पिछले दो दिनों से दर्जनों ग्रामीणों को बाढ़ वाले क्षेत्र से सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। फिलहाल इन क्षेत्रों से जनहानि की सूचना नहीं है।

दिल्ली में 9 वर्षीय बच्ची के माता-पिता से मिले राहुल

नई दिल्ली, (वेबवार्ता)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को यहां उस नौ वर्षीय बच्ची के माता–पिता से मुलाकात की जिसकी पिछले दिनों संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। बच्ची के परिवार ने उसकी दुष्कर्म के बाद हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। राहुल गांधी ने बच्ची के माता–पिता से मुलाकात की तस्वीर साझा करते हुए ट्वीट किया, ' माता–पिता के आंसू सिर्फ एक बात कह रहे हैं– उनकी बेटी, देश की बेटी न्याय की हकदार है।और इस न्याय के रास्ते पर मैं उनके साथ हूं। गौरतलब है कि दिल्ली में नौ वर्षीय बच्ची की पिछले दिनों संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसके माता पिता ने आरोप लगाया है कि दक्षिण पश्चिम दिल्ली के पुराने नांगल गांव में श्मशान घाट के पुजारी ने उनकी सहमति के बिना बच्ची का अंतिम संस्कार करा दिया। पुलिस ने बताया कि एक पुजारी समेत चार लोगों को घटना के संबंध में गिरफ्तार किया गया है।

मुठभेड़ में थानाध्यक्ष समेत दो पुलिसकर्मी और तीन बदमाश जख्मी

इटावा, (वेबवार्ता)। उत्तर प्रदेश के इटावा जिले में लूट की वारदात को अंजाम देकर भाग रहे बदमाशों और पुलिस के बीच मुठभेड़ में एक थानाध्यक्ष समेत दो पुलिसकर्मी तथा तीन बदमाश जख्मी हो गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह ने बुधवार को बताया कि इटावा–फर्रुखाबाद राजमार्ग पर चौविया थाना क्षेत्र में मंगलवार देर शाम सैफई से अपनी बहन के साथ मोटरसाइकिल से लौट रहे अमरीश प्रताप के साथ मोटरसाइकिल पर सवार तीन लुटेरों ने जेवर और उनका वाहन लूट लिया। उन्होंने बताया कि अमरीश ने फौरन इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने एक जांच चौकी पर लुटेरों को रोकने का प्रयास किया। इस पर लुटेरों ने पुलिस पर गोलियां चलाई जिससे चौविया के थाना अध्यक्ष मुकेश सोलंकी और अपराध शाखा का सिपाही अरविंद घायल हो गए। जवाबी कार्रवाई में तीनों बदमाश भी गोली लगने से जख्मी हो गए। घायलों को जिला चिकित्सालय मे भर्ती कराया गया है। पुलिस ने तीनों लुटेरों को गिरफ्तार कर लूट का माल बरामद कर लिया। तीनों लुटेरे मैनपुरी के रहने वाले हैं। तीन बदमाशों की पहचान मधुरेश, सल्लू और दलवीर के रूप में हुई है। सिंह ने बताया कि दलवीर पर दो दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। ये बदमाश मैनपुरी, इटावा, फर्रुखाबाद और कन्नौज जिलों मे लूट की वारदात को अंजाम देते थे।

प्रधानमंत्री बृहस्पतिवार को गरीब कल्याण अन्न योजना के उत्तर प्रदेश के लाभार्थियों से संवाद करेंगे

नई दिल्ली, (वेबवार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश के प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के लाभार्थियों से संवाद करेंगे। यह जानकारी प्रधानमंत्री कार्यालय ने बुधवार को दी। वीडियो कान्फ्रेंस से आयोजित इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित रहेंगे। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश पांच अगस्त को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर पूरे राज्य में बड़े पैमाने पर जागरूकता कार्यक्रम चलाया जायेगा ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि योजना का लाभ उठाने में कोई लाभार्थी पीछे न छूट जाये। राज्य के लगभग 15 करोड़ लाभार्थियों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के जरिये निशुल्क राशन मिल रहा है। राज्य में लगभग 80 हजार उचित मूल्य की दुकानें योजना के तहत लाभार्थियों को अनाज उपलब्ध करा रही हैं।

मायावती ने दिल्ली दरिंदगी प्रकरण में सख्त कार्रवाई की मांग की

लखनऊ, (वेबवार्ता)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने दिल्ली के छावनी इलाके में पिछले दिनों नौ साल की दलित लड़की के साथ कथित रूप से बलात्कार के बाद उसकी हत्या किये जाने की घटना की निंदा करते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की है। मायावती ने बुधवार को ट्वीट कर कहा, 'दिल्ली कैंट के नागल गाँव में नौ वर्षीय दलित लड़की से बलात्कार के बाद उसकी नृशंस हत्या व फिर उसके शव को जला देने की घटना अत्यंत दुःखद व शर्मनाक है। दोषियों के विरुद्ध अविलम्ब सख्त कार्रवाई करने व ऐसी घटनाओं की पुनरावृति रोकने के लिए जरूरी कदम उठाने की बसपा की माँग है। गौरतलब है कि रविवार को दिल्ली कैंट थाना क्षेत्र के एक गांव में नौ साल की बच्ची की संदिग्ध हालत में मौत हो गई थी। आरोप है कि बच्ची से श्मशान घाट के अंदर बलात्कार कर उसकी हत्या करके शव जला दिया गया। इस मामले में शुरुआत में पुलिस ने लापरवाही से मौत, सबूत मिटाने और परिजनों को बिना बताए शव का अंतिम संस्कार करने जैसे मामलों में मुकदमा दर्ज किया था। सोमवार को मामले में पुलिस ने सामूहिक बलात्कार, हत्या, पॉक्सो, एससी–एसटी एक्ट और जान से मारने की धमकी देने समेत कई अन्य धाराएं भी जोड़ दीं। इस मामले में श्मशान घाट के पुजारी समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

एनसीपीसीआर ने दलित बच्ची के बलात्कार–हत्या मामले में पुलिस से रिपोर्ट मांगी

नई दिल्ली,(वेबवार्ता)। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने दक्षिण–पश्चिम दिल्ली में नौ साल की एक दलित बच्ची के बलात्कार एवं हत्या मामले में दिल्ली पुलिस से विस्तृत कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है। पुलिस के मुताबिक संदिग्ध परिस्थितियों में दलित बच्ची की मौत हो गयी। उसके मां–बाप ने आरोप लगाया कि बच्ची से बलात्कार हुआ और उसके शव को श्मशान के पुजारी ने जबरदस्ती जला दिया। दक्षिण–पश्चिम दिल्ली के पुलिस उपायुक्त को लिखे पत्र में एनसीपीसीआर ने मामले में की गई कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। एनसीपीसीआर ने मंगलवार को जारी पत्र में कहा है, ''आपसे अनुरोध है कि मामले में जांच कर यह सुनिश्चित करें कि पीड़िता की पहचान उजागर ना हो और 48 घंटे के भीतर संबंधित दस्तावेजों के साथ मामले की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें। एनसीपीसीआर ने पीड़िता की उम्र का प्रमाण, प्राथमिकी की प्रति, अंत्यपरीक्षण रिपोर्ट की प्रति, प्राथमिकी में नामजद कथित आरोपियों के खिलाफ की गई कार्रवाई और आरोपपत्र की प्रति मांगी है।

उप्र में सुरक्षा व्यवस्था का बुरा हाला, सरकार झूठ प्रचार के सिवाय कुछ नहीं कर रही: प्रियंका

नई दिल्ली, (वेबवार्ता)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले में एक डॉक्टर की हत्या की घटना को लेकर बुधवार को राज्य की भाजपा सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था का बुरा हाल है, लेकिन सरकार झूठे प्रचार के अलावा कुछ नहीं कर रही है। उन्होंने ट्वीट किया, ''सीतापुर में एक डॉक्टर को उसके क्लिनिक में घुसकर अपराधियों ने उसे तलवार से काट दिया। ऐसी घटनाओं से प्रदेशवासियों के मन में भय पैदा हो रहा है। आम लोगों की सुरक्षा व्यवस्था का इतना बुरा हाल और सरकार झूठे प्रचार के सिवा कुछ कर ही नहीं रही है।' सीतापुर जिले के हरगांव थाना क्षेत्र के मुंद्रासन में मंगलवार को एक डॉक्टर की उसके क्लीनिक में ही धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार, आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और इस संबंध में मामला दर्ज किया गया है। सीतापुर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) आरपी सिंह ने बताया कि गांव में अपने घर से क्लिनिक चलाने वाले बीएएमएस डॉक्टर मुनेंद्र प्रताप वर्मा (45) पर आरोपी अच्छे लाल वर्मा ने कई बार धारदार हथियार से हमला किया। अपने बेटे को बचाने में मौके पर मौजूद डॉक्टर के पिता को भी चोटें आईं हैं।

अवध की आवाज हिन्दी दैनिक, प्रकाशक ,मुद्रक व स्वामी,अनिल कुमार सिंह द्वारा स्काई लाइन प्रिन्टर्स,119/23 खन्दारी लेन, लालबाग, लखनऊ उ0प्र0 से मुद्रित तथा डी–97/3 व 7,सेक्टर–7, इन्दिरा नगर,लखनऊ,उ0प्र0 से प्रकाशित। सम्पादक अनिल कुमार सिंह फोन : 0522–4340954 मो0–7905407289, Email: avadhkiaawaz@gmail.com
नोट : समाचार पत्र से सम्बंधित सारे विवादोंका न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।